आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 22.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में द्वीपों में करीब दो सौ किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है।
- आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों और इससे जुड़ी कानून व्यवस्था को लेकर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने द्वीपों के साइक्लिस्टों को तिरूवनन्तपुरम में साई के वेलोड्रोम में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की है।
- श्री विजयपुरम में कल से लेकर सात अक्तूबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में द्वीपों में करीब दो सौ किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा। ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है और इसे स्वीकृति के लिए भारत सरकार के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के दूसरे चरण के तहत अपरिहार्य कारणों से रूके हुए कार्य भी जल्द शुरू होंगे।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय ने मुख्य सचिवों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिशानिर्देश और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है। केंद्र सरकार द्वारा जारी परामर्श में तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों को रेखांकित किया गया है इसमें विशेष रूप से नाबालिगों और युवाओं को तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग से बचाने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इस परामर्श में ग्लोबल

युक्त टबैको सर्वे दो हजार उन्नीस के निष्कर्षों के हवाले से विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों का उल्लेख किया गया है इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षिक संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है।

<><><><><><><>

सरकार ने एक सौ दिन की पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस–जीईएम ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन–देन शुल्क में कटौती की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि जीईएम प्लेटफार्म पर लेन–देन शुल्क लगभग तैंतीस प्रतिशत कम कर दिया गया है जिससे विक्रेताओं को लाभ होगा और वे ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। जीईएम ने पोर्टल के लिए नई राजस्व नीति की घोषणा की है, जो इस वर्ष नौ अगस्त से प्रभावित हो गई है। जीईएम के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत चौहान ने कहा कि बाकी लेन–देन पर नाममात्र शून्य दशमलव तीन शून्य प्रतिशत शुल्क लगेगा, जो अधिकतम तीन लाख रुपये होगा।

<><><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों और इससे जुड़ी कानून व्यवस्था को लेकर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में सत्ताईस सितम्बर को बैठक बुलाई गई है। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम और फरारगंज तहसील की सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष या सचिवों को इस बैठक में शामिल होने को कहा गया है। बैठक ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में शाम पांच बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने द्वीपों के साइक्लिस्टों को तिरूवनन्तपुरम में साई के वेलोड्रोम में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की है। साई नेशनल सेन्टर और एक्सेलेन्स तिरूवनन्तपुरम के सहयोग से चेन्नई में इस वर्ष होने वाले राष्ट्रीय साइक्लिंग चैम्पियनशिप तक द्वीपों के साइक्लिस्टों को प्रशिक्षण देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। साइक्लिंग के अलावा गोरखपुर में होने वाले आगामी राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए साई की द्वीपसमूह केन्द्र और साई की नेशनल सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स, जगतपुरा ओडिशा के साथ भी सम्बद्ध किया गया है, ताकि द्वीपों के चुने हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उप–वन पाल, वन्य प्राणी संदीप बेहरा, भ्रष्टाचार रोधी इकाई की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन और दक्षिण अंडमान के एस डी एम विनायक

चमाड़िया ने खिलाड़ियों से बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर आगामी चैम्पियनशिप में पदक जीतकर द्वीपों का नाम रोशन करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक हरगोविन्दर सिंह धालीवाल और पुलिस उप–महानिरीक्षक मोनिका भारद्वाज ने सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के आधुनिक जलक्रीड़ा केन्द्र का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने जलक्रीड़ा संबंधी सामग्रियों का निरीक्षण कर विभिन्न जलक्रीड़ा गतिविधियों का आनन्द लिया। उन्होंने प्रशासन की ओर से साई की खेल से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर साई की पूर्व खिलाड़ी रेजिना किरो भी उपस्थित थी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल से लेकर सात अक्तूबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि किशन कपूर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रसेनजित बिश्वास मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से शिशु घर के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम मानक और प्रोटोकॉल जारी किया गया है। व्यक्तिगत लोगों, सर्विस एजेंसियों, निगमों, कम्पनियों, अस्पतालों, देखभाल सेवा प्रदाताओं, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों जैसे कई हितधारकों के लिए मानक सुझाव और प्रोटोकॉल जारी किया गया है। इसके माध्यम से व्यापक शिशु देखभाल के लिए सुरक्षित पर्यावरण प्राप्त होगा, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। शिशु गृह चलाने वाले ऐसे हितधारकों से मंत्रालय की वेबसाइट से मानक प्रोटोकॉल डाउनलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में पेट्रोल और एल पी जी की कमी हो गई है। इससे लोगों को काफी असुविधा हो रही है। क्षेत्र के सहायक आयुक्त ने भी निकोबार ज़िला उपायुक्त को इस संबंध में हस्तक्षेप करने और जलयान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

इस बीच, जहाजरानी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम वी चुगलुम पेट्रोल लेकर रवाना हो चुका है। मौसम साफ होते ही कार निकोबार में माल उतारने के बाद ये संभवतः कैम्पबेल बे के लिए रवाना हो जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग और समाज कल्याण निदेशालय की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। पिछले दिनों कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने अच्छे खान–पान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आम जन–मानस में जागरूकता उत्पन्न करने में आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने जंक फूड के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को कहा। कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर निधि शेखावत ने स्थानीय और पारंपरिक भोजन ग्रहण करने को कहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के पी सी जेम्स और सारिका वर्मा ने भी अपने विचार रखे।

**<><><><><><><>**